हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 35.5 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

11 दो दिन से बिना बरसे लौट रहे बदरा, भारी गर्मी ने लोगों को किया परेशान



12 युवाओं व बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत कर रहा हर घर तिरंगा अभियान



## खबर संक्षेप



### 248 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गोकल गेट चौकी पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला संघी का बास निवासी आवेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 248 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। गत 6 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी की आवेश कुमार निवासी मोहल्ला संघी का बास नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है तथा टीपी स्कीम से बाईपास रोड पर गांजा बेचने के लिए खड़ा हुआ है।पुलिस ने मौके से आरोपी को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ आरोपी की तलाशी लेने पर 248 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

### पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी भेजा जेल

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 10 जुलाई को राजस्थान के पदमारा खुर्द निवासी ललित के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल भी कराया था। केस दर्ज करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष जिले के एक गांव निवासी महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने 5 मई को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने यूपी के किनोली फैजाबाद निवासी धर्मेंद्र तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** बावल थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। बनीपुर चौक के पास 5 अगस्त को हुए हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करते हुए चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। पुलिस ने वाहन चालक मोहम्मदपुर निवासी महेश कुमार को काबू कर लिया। वाहन कब्जे में लेने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने परखोतमपुर गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दंपति सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 4 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले में जांच के बाद पुलिस ने परखोतमपुर निवासी सतबीर, बबली और सुमन को काबू किया है। मारपीट में इस्तेमाल की गई दरांती पुलिस ने कब्जे में ली है। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### गुणवत्ता की कमी के कारण बनते ही बिखर रही सड़कें

## ब्रास मार्केट में रुका सीसी रोड का निर्माण फिर शुरू, बाजार में पहले बनी सड़कों की पांच महीने में निकलने लगी रोड़ियां

- तीन सड़कों के पिछले दिनों लिए जा चुके सेंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की नई सड़के गुणवत्ता की कमी के कारण बनते ही बिखरने लगी है। दस दिन पहले विजिलेंस की टीम की ओर से मॉडल टाउन, सेक्टर-3 व वार्ड नंबर-2 की नई सड़कों के सेंपल भी लिए गए थे। ब्रास मार्केट में नई सड़क बनाने का रूका हुआ कार्य फिर से शुरू हो गया है। मार्केट में अब नई अनाजमंडी मार्ग से ब्रह्मगढ़ परिसर तक की सड़क का नव निर्माण किया जा रहा है, लेकिन ब्रास मार्केट की मार्च माह से बनाई गई सड़कों की रोड़ियां निकल कर गड्ढे भी होने शुरू हो गए है। सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही भ्रष्टाचार नजर आने लगा है। कार्य काफी धीमी गति से चलने के कारण लोगों को गड्ढों के कारण परेशानी उठानी पड़ रही थी। ब्रास मार्केट की मार्च से अप्रैल तक बनाई गई सड़कों की हालत 5 महीनें में ही दयनीय होती जा रही है। ब्रास मार्केट में 2.62 करोड़ की लागत से अक्टूबर 2024 में सड़कों का निर्माण, सीवरेज सिस्टम व तिकोना पार्क के सुधारीकरण का कार्य शुरू किया गया था।







रेवाड़ी। ब्रास मार्केट में अनाजमंडी से ब्रह्मगढ तक बन रही सड़क, ब्रास मार्केट की पहले बनी सड़क की दिखने लगी रोडियां,ब्रास मार्केट की पहले बनी सड़क पर हुआ गड्ढा।

### निर्माण सितंबर में शुरू होने की उम्मीद

मुख्य बाजार की सड़कों के लिए पिछले दिनों 4.32 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली थी। नगर परिषद की ओर से अग्रसेन चौक से मोती चौक व गोकल गेट होते हुए झज्जर चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा। इसी योजना में पुरानी सब्जी मंडी से बारा हजारी तक का भी सीसी रोड का निर्माण होगा तथा गोकल गेट से रेलवे चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा। नप अधिकारियों के अनुसार बाजार की सड़कों का कार्य सितंबर में शुरू होने की उम्मीद है।



रेवाड़ी। अनाजमंडी रोड पर पैचवर्क की निकली रोडियां। फोटो :हरिभूमि

### अन्य विभागों की भी गुणवत्ता कमजोर

सिंचाई विभाग की ओर से सोलहराही तालाब व बड़ा तालाब में नहरी पानी के लिए पाइप लाइन डाली गई थी। पाइप लाइन डालने के लिए विभाग की ओर से अनाजमंडी के सामने की नई सड़क को तोड़ा गया था। काफी दिनों तक वाहन चालकों को पाइप लाइन के लिए तोड़ी गई सड़क के गड्ढों से परेशानी उठानी पड़ी। इसके बाद विभाग की ओर से गड्ढों की रिपेयरिंग कर दी गई, लेकिन विभाग का ये पैचवर्क ज्यादा दिन नहीं टिक पाया है। पैचवर्क की रोडियां बिखर कर गड्ढे होने शुरू हो गए है।

### तिकोना पार्क का अधूरा पड़ा कार्य

ब्रास मार्केट में नेहरू पार्क के सामने स्थित तिकोने पार्क की अक्टूबर 2024 में नई चारदीवारी बनाई गई थी, जिसके बाद से कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। पार्क में गंदगी के अंबार लगे हुए है। आसपास के लोगों ने पार्क को कचरा डंपिंग यार्ड का रूप दे दिया है। पार्क की नई चारदीवारी भी टूट कर बिखरने लगी है।

## होटल में देह व्यापार कराने के मामले में एक और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर थाना पुलिस ने होटल में देह व्यापार कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला विकास नगर निवासी नवीन के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी होटल की महिला मैनेजर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 12 जुलाई को पुलिस को सरकुलर रोड नजदीक नाईवाली चौक पर होटल ओम रेजिडेंसी में देह व्यापार होने की सूचना मिली थी। डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बोगस ग्राहक के जरिए होटल पर कार्यवाही की थी। पुलिस ने वहां से दो महिलाओं को बरामद करके होटल मालिक नवीन व मैनेजर के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त आरोपी महिला मैनेजर को पहले ही काबू कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी होटल मालिक नवीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी नवीन। फोटो :हरिभूमि

## कंपनी में इंवेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश के जिला भोपाल के सरस्वती नगर निवासी तरुण खरे व मध्यप्रदेश के जिला इंदौर के राज नगर निवासी दर्शन सिंह ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 14 जनवरी को गांव बटोड़ी निवासी अजीत कुमार ने अपनी शिकायत बताया था कि गत वर्ष दिसंबर माह में उसके मोबाइल फोन पर लॉरयल कंपनी के एप का एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद एप इंस्टाल हो गया। उसे एक व्हाट्सगुरप से जोड़ा गया, जिसमें एप के जरिए पैसा इन्वेस्ट करने पर अच्छा रिटर्न मिलने की बात कही गई थी। उसने झांसे में आकर गत वर्ष 27 दिसंबर से इस साल 6 जनवरी तक आरोपियों के अलग-अलग खातों में कुल 7 लाख 59 हजार 654 रुपये ट्रांसफर कर दिए। उसने यह राशि अपने व अपने पिता के बैंक खातों के साथ-साथ परिवार के पांच अन्य सदस्यों के खाते से ट्रांसफर कराई थी। जब उसने राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसे उसकी रकम वापस नहीं मिली। इसके बाद उसे साइबर ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त 6 आरोपी पंजाब के जिला लुधियाना के हैबोवाल के मोहल्ला रंजोत पार्क निवासी पवन खुल्लर, जिला लुधियाना के बस्ती जोधेवाल की शिमला कॉलोनी निवासी रोहित कालिया, यूपी के जिला आगरा के पिनाहाट निवासी रिषी कुमार, यूपी के महाराजगंज के गांव तुठीबारी हालआबाद महिन्द्रनगर लोहारा जिला लुधीयाना पंजाब निवासी रमेश कुमार सैनी, पंजाब के जिला लुधियाना के गुरुनानक नगर निवासी राजेन्द्र सैनी व राजस्थान के जिला सीकर के गांव अलखपुरा निवासी सुभाष को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपी तरुण खरे व दर्शन सिंह ठाकुर को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी तरुण खरे के बैंक खाते में ठगी की 72 हजार रुपये रकम ट्रांसफर हुई थी, जबकि आरोपी दर्शन सिंह ठाकुर ने साइबर ठगों को उसका खाता मुहैया कराने में मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी के दो आरोपी।

## वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने जनवरी माह में वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 2.20 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्हें अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। उनके दूसरे साथियों की तलाश की जा रही है।

गत 15 जनवरी को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में जलियावास निवासी मनीष यादव ने बताया था कि उसके पास 6 जनवरी को व्हाट्सएप पर मैसेज आया था, जिसमें उसे वर्क फ्रॉम होम करने की बात कही गई थी। वर्क फ्रॉम होम करने के लिए उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया था। शुरू में उससे 1 हजार रुपये एक खाते में जमा कराए, जिसके बदले उसे 1400 रुपये वापस दिए गए। इसके बाद उससे 5 और 15 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके बदले उसे कोई पैसा नहीं दिया गया। उसे बताया गया कि उसने स्टेप फॉलो नहीं किए हैं, इसलिए यह रकम वापस पाने के लिए 1.50 लाख रुपये और जमा कराने होंगे। साइबर ठगों ने उसे 2.20 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के कुकरदा निवासी सुरेन्द्र ग्वाला व राजस्थान के ही बारनी खुर्द निवासी रामकिशोर को गिरफ्तार किया है। रामकिशन के बैंक खाते में ठगी की 50 हजार रुपये रकम ट्रांसफर हुई थी, जबकि सुरेंद्र ने साइबर ठगों को उसका खाता मुहैया कराने में मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी रामकिशोर व सुरेन्द्र।

- अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया

## राज स्कूल की कोमल बनी राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता की विजेता

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा दसवी की छात्रा कोमल ने राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता ब्लिस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई थी, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 80 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद और प्रशिक्षण परिषद हरियाणा के तत्वाधान में क्वांटम युग का आगाज विषय पर केंद्रित थी। छात्रा कोमल ने बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए ब्लॉक स्तर पर सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी व हेमन्त सैनी और प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार ने कोमल के उज्जवल भविष्य की कामना की।



रेवाड़ी। कोमल को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन। फोटो :हरिभूमि

### राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, आईटीबीपी की टुकड़ी ने जवान को सलामी दी

## लीवर संक्रमण से आईटीबीपी के जवान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

आईटीबीपी में तैनात धारण गांव के एक जवान की लीवर संक्रमण से मौत हो गई। वीरवार को राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अंत्येष्टी में हिस्सा लिया। आईटीबीपी की टुकड़ी ने जवान को सलामी दी।

वर्ष 2011 में आईटीबीपी में भर्ती हुए धर्मेंद्र ग्रेवाल उत्तराखंड के मिर्ची में ड्यूटी थी। कुछ समय पहले उन्हें लीवर संक्रमण हुआ था। जवान का अस्थाई तबादला दिल्ली सीजेओ कैंप कर दिया गया था। जवान को उपचार के लिए गुरूग्राम के एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। वीरवार को आईटीबीपी के जवान ग्रेवाल का पार्थिव शरीर लेकर गांव पहुंचे। सूचना मिलने के बाद सुबह ही धारण गांव के लोग धर्मेंद्र ग्रेवाल के घर के बाहर एकत्रित हो गए थे। दोपहर बाद पार्थिव शरीर आने के बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। आईटीबीपी की टुकड़ी ने सलामी दी। प्रबुद्ध लोगों ने जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। धर्मेंद्र ग्रेवाल के पिता बुधराम का लगभग 15 साल पहले निधन हो गया था। उनके परिवार में वृद्ध मां सुनीता और पत्नी अर्चना है। धर्मेंद्र को पांच साल का बेटा रियांश है। रियांस ने जिस समय अपने पिता को मुखाग्नि दी, वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई।







रेवाड़ी। आईटीबीपी जवान धर्मेंद्र ग्रेवाल का फाईल फोटो, जवान को श्रद्धांजलि देते विधायक व अन्य, जवान को सलामी देने पहुंची आईटीबीपी की टुकड़ी।

### रक्षा बंधन पर रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार ने पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को बसों में फ्री यात्रा का तोहफा दिया है। हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। महिलाओं के साथ 15 वर्ष आयु तक के बच्चों की यात्रा भी फ्री रहेगी।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि रक्षाबंधन के दिन हरियाणा राज्य सहित चंडीगढ़ व दिल्ली तक चलने वाली हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 9 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे तक महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी।



बच्चो, बारिश के दौरान जब तुम घर से बाहर निकलते हो तो भीगने से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल जरूर करते होगे। क्या तुम जानते हो कि दुनिया के कई देशों में 'अंब्रेला म्यूजियम' यानी छाता संग्रहालय भी है? जानो, कुछ अंब्रेला म्यूजियम्स के बारे में।

# अलग-अनोखे हैं ये अंब्रेला म्यूजियम

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, बारिश का मौसम आते ही सबसे पहले याद आता है छाता। भीगने से बचाने का सबसे आसान जरिया छाता ही है। दुनिया भर में इसका इस्तेमाल सदियों से हो रहा है। सैकड़ों तरह के छाते देश-विदेश में प्रचलित हैं। तुम्हें जानकर अचरज होगा कि कुछ देशों में अनोखे छाता संग्रहालय भी मौजूद हैं। यहां तुम छातों के क्रमिक विकास और उनके विभिन्न प्रकारों के बारे में जान सकते हो।

## अंब्रेला एंड पारासोल म्यूजियम, इटली

इटली के पीडमोंट में मौजूद इस अनूठे छाता और छत्र (पारासोल) संग्रहालय की स्थापना 1939 में इगिनो एंब्रोसिनी (1883-1955) ने की थी। हालांकि वह खुद कृषि विज्ञानी थे, लेकिन छाता बनाना उनका पुश्तैनी कारोबार था। इसलिए छाते के प्रति उनको लगाव था। 1976 से इस संग्रहालय को वर्बानो-कुसियो-ओसोला प्रांत के गिग्नेस में स्थित दो-मंजिला इमारत में शिफ्ट कर दिया गया।

इस संग्रहालय में विभिन्न खंडों में छाते, छत्र और इनके निर्माण से जुड़ी सामग्रियों सहित 1,000 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनके माध्यम से दर्शक यहां 1800 के दशक के आरंभ से लेकर आज तक छतरियों के क्रमिक विकास को देख और समझ सकते हैं।

इस म्यूजियम में तरह-तरह के फीते, रेशम, सूती और सिंथेटिक फैब्रिक, लकड़ी, हड्डी और धातु के फ्रेम के साथ, लकड़ी में नक्काशीदार सुंदर हैंडल, हाथी दांत, मोती और चांदी जैसी बहुमूल्य सामग्रियों से बनी छतरियां भी दर्शकों को खूब लुभाती हैं। संग्रहालय की पहली मंजिल छाता बनाने वाले कारीगरों के पेशे को समर्पित है। यहां तुम दो विशाल छाते भी देख सकते हो, जिन पर चित्रकार फेलिस वेलन ने छाता बनाने वालों के जीवन का संक्षिप्त चित्रण किया है। संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुओं के लिए भी एक खंड समर्पित किया गया है, इसमें पूर्व रानी मार्गरिटा की छतरी प्रदर्शित की गई है।



अंब्रेला कवर म्यूजियम, यूएसए

## अंब्रेला कवर संग्रहालय, यू एस ए

यह संग्रहालय अमेरिका के पीक्स आईलैंड में स्थित है। इस मशहूर संग्रहालय का निर्माण नैंसी हॉफमैन ने वर्ष 1996 में करवाया। इस संग्रहालय को बनाने का विचार हॉफमैन के मन में तब आया जब वे एक अलमारी साफ कर रहे थे और उन्हें पुराने सात छाते मिले। संग्रहालय की शुरुआत हॉफमैन ने अपने घर की रसोई से की। जैसे-जैसे उनका संग्रह बढ़ता गया, इसे एक बड़े स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने यहां 66 देशों से बड़ी संख्या में छाते और छत्र संग्रह किए। इस संग्रहालय में 'लेट अ स्माइल बी योर अंब्रेला' गाते हुए अकॉर्डियन बजाते हुए हॉफमैन को अक्सर ही देखा जा सकता है। अंब्रेला कवर म्यूजियम का मिशन कहता है कि यह संग्रहालय रोजमर्रा की जिंदगी में दैनिक उपयोग की चीजों की सराहना के लिए समर्पित है। इस संग्रहालय में ढाई इंच की बार्बी डॉल की नन्ही सी छतरी से लेकर छह फुट लंबा छाता भी मौजूद है। 7 जुलाई 2012 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हॉफमैन के 730 छातों के संग्रह को दुनिया का सबसे बड़ा अंब्रेला म्यूजियम माना।

## चीन छाता संग्रहालय, चीन

चीन का हांगझोऊ आर्द्र जलवायु वाला शहर है। यहां काफी बारिश होती है। हांगझोऊ को चीनी छाते का जन्मस्थान भी माना जाता है। यहां के इस छाता संग्रहालय में तुम्हें छाते से जुड़े कई



सवालों के जवाब मिल सकते हैं। चीन के पहले छाता संग्रहालय के रूप में यह छाता संस्कृति, छाता इतिहास, छाता कथा और छाता निर्माण प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित करता है। इस संग्रहालय को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसके भीतर तुम्हें बारिश में खड़े होने का अहसास होगा। संग्रहालय के अंदर, मल्टीमीडिया उपकरणों द्वारा निर्मित आभासी बारिश का दृश्य और पानी का धुआं सा यानी कोहरा सा दिखाई देता है। संग्रहालय की दीवारों को टाइल ग्रे रंग से रंगा गया है। संग्रहालय के छह ब्लॉक्स में छतरियों की उत्पत्ति, विभिन्न श्रेणियां, कला-संस्कृति और आधुनिक छातों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा संग्रहालय के अंदर एक इंटरैक्टिव जोन भी है। जहां पर्यटक छतरियों के पुर्जे जोड़ने, छतरी रंगने और छतरियों की मरम्मत करने जैसी एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकते हैं। *

### देश में बन रहा रेन म्यूजियम

बच्चो, अपने देश में कोई छाता संग्रहालय तो नहीं है। लेकिन दुनिया के पहले रेन म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। बच्चो, दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान मेघालय के मॉसिनराम में दुनिया का पहला वर्षा संग्रहालय बनाया जा रहा है। तुम्हें बताते चलें कि मॉसिनराम, धरती का सबसे ज्यादा बारिश वाला स्थान है, जहां हर साल 11,000 मिमी से ज्यादा बारिश होती है। 35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस वर्षा संग्रहालय के अंदर पर्यटकों को वर्षा और इसके इतिहास के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इमेजिन करो, तुम एक ऐसे कमरे में प्रवेश कर रहे हो, जहां बारिश हो रही है। इस एक्सपीरियंस के लिए यहां एक इनडोर रेन जोन भी बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्षा के दौरान रेन म्यूजियम के भीतर भी इस पहाड़ी गांव से गुजरने के अनुभव को जीवंत बनाना है। भारत का मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और इसरो वास्तविक समय के डेटा का उपयोग करते हुए वर्षा को कैसे मापते हैं? जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में इसका क्या अर्थ है, इस पर यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।




बच्चो, रक्षाबंधन का इंतजार हर भाई-बहन को होता है। भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का महत्व बताने वाले इस त्योहार से जुड़ी अनेक कथाएं, किंवदंतियां और ऐतिहासिक किस्से हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

# कैसे शुरू हुआ रक्षाबंधन

पर्व
शिवानी छाया

बच्चो, भाई-बहन के प्यार और स्नेह को प्रकट करता है रक्षाबंधन का त्योहार। इस दिन बहनें अपने प्यारे भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, तिलक लगाती हैं और मिठाई खिलाती हैं। भाई भी अपनी प्यारी बहना को गिफ्ट देते हैं। साथ ही हमेशा अपनी बहन का साथ निभाने, उसकी रक्षा करने का वादा भी करते हैं। क्या तुमने कभी सोचा है कि रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत कब और कैसे हुई? जानो, इसके बारे में।



**रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाएं:** एक पौराणिक कथा के अनुसार राजा बलि, भगवान विष्णु के परम भक्त और महादानी थे। एक बार, राजा बलि ने यज्ञ करके स्वर्ग पर अधिकार करने का प्रयास किया, जिससे भयभीत होकर देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से मदद मांगी। भगवान विष्णु, वामन का रूप धारण कर राजा बलि के द्वार पर पहुंचे और उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी। राजा बलि ने इस मांग को स्वीकार कर लिया। वामन रूप धरे भगवान विष्णु ने तो एक पग में पूरी धरती और दूसरे पग में पूरा आकाश नाप दिया। अब क्या? अब वे तीसरा पग कहां रखें? तब राजा बलि ने अपना सिर आगे कर कहा कि आप अपना तीसरा पग मेरे सिर पर रख लीजिए। राजा की यह दानवीरता देख भगवान प्रसन्न हुए और राजा बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया और उनसे वरदान मांगने को कहा। राजा बलि ने भगवान विष्णु से वरदान मांगा कि आप मेरे साथ पाताल लोक में ही चलकर रहें। भगवान विष्णु राजा बलि के साथ पाताल लोक में रहने चले गए। इससे माता लक्ष्मी और सभी देवता चिंतित हो गए। माता लक्ष्मी एक गरीब महिला का रूप धारण कर महाराज बलि के पास पहुंची और उन्हें राखी बांधी। जब राजा बलि ने राखी के बदले में कुछ मांगने को कहा, तो माता लक्ष्मी अपने असली रूप में आ गईं और उन्होंने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को बैकुंठ धाम जाने दें। राखी का मान रखते हुए राजा बलि ने माता लक्ष्मी की बात मान ली। फिर भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ अपने धाम को लौट गए। बच्चो, हर साल हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन त्योहार मनाया जाता है, क्योंकि इसी तिथि को माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी।

एक दूसरी कथा महाभारत में वर्णित है- जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध किया, तो इस दौरान उनकी अंगुली घायल हो गई थी और उससे खून बहने लगा था। भगवान कृष्ण की अंगुली से खून बहते देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया। इस चीर (वस्त्र) के बदले में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को हर संकट से बचाने का वचन दिया। आगे चलकर अपने वचन का मान रखते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी रक्षा की।

**रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक किस्से:** कहा जाता है कि सिकंदर ने जब पोरस के राज्य पर आक्रमण किया तो सिकंदर की पत्नी रोक्साना ने राजा पोरस को राखी भेजकर युद्ध में सिकंदर को नुकसान न पहुंचाने का अनुरोध किया था।

एक अन्य प्रसंग चित्तौड़ की महारानी कर्णावती का है, जिन्होंने हुमायूं को राखी भेजकर अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने का निवेदन किया था। हुमायूं ने रानी कर्णावती को बहन माना और उनकी मदद की।

ब्रिटिश राज में, 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान देशवासियों को एकजुट करने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदुओं-मुसलमानों को एक-दूसरे को राखी बांधने का आह्वान किया था। *

कविता / वसीम अहमद नगरामी

## रक्षाबंधन के दिन



रक्षाबंधन के दिन तितली
चुपके-चुपके आई।
बोली, भंवरे भैया अपनी
आगे करो कलाई।
लाई हूं सुंदर सी राखी
लो भैया बंधवा लो,
मैंने बनाई खास मिठाई
लो थोड़ी सी खा लो।
भंवरे ने राखी बंधवाई
बड़े मजे से खाई मिठाई।
खुश होकर तब तितली बोली
जुग-जुग जियो मेरे भाई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मीठे-प्यारे गीत


बच्चो, कुछ समय पहले तुम्हारे लिए मीठे-मीठे प्यारे गीतों की एक किताब 'बचपन है फुलवारी' छपकर आई है। इसके लेखक हैं राजा चौरसिया। इस किताब में कुल 32 गीत हैं। इन गीतों को पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, इनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। कई गीतों में प्रकृति के संरक्षण और वृक्षों की महत्ता को बताया गया है। *'आओ बढ़ाएं इस धरती पर, वृक्षारोपण से हरियाली।'* कुछ गीतों में हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया है। जैसे- *'फूलों की कलियों सी भाए, मंद-मंद मुस्कान। तन-मन स्वस्थ, मस्त हैं रहते, हो न कोई नुकसान।'* कुछ बच्चे जरा सी परेशानी आने पर हताश हो जाते हैं। उनको अपना हौसला बढ़ाने के लिए इस किताब के कुछ गीत पढ़ने चाहिए। ऐसे ही एक गीत की पंक्तियां हैं, *'चाहे देर भले लग जाए, रंग परिश्रम लाता है। जिसमें रहती लगन निरंतर, वही सफलता पाता है।'* इनके अलावा कई और भी प्यारे गीत हैं। किताब के अंत में बच्चो, तुम एक मजेदार गीत 'चूहे का उत्तर' भी पढ़ सकते हो। *



**किताब:** बचपन है फुलवारी, **लेखक:** राजा चौरसिया
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## जीके क्विज-165

1. हाल ही में किस अभिनेत्री को बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला?
2. दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
3. भारत में पहली एसटीडी फोन सेवा देश के किन दो शहरों के बीच शुरू की गई थी?
4. सात हजार से अधिक प्रायद्वीपों का समूह कहां स्थित है?
5. भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता कौन थे?
6. ब्रिटिश काल में 'दीनबंधु' के नाम से कौन से महापुरुष प्रसिद्ध हुए थे?
7. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था?
8. भारत के पहले सुपर कंप्यूटर का नाम क्या था?
9. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
10. रिक्टर स्केल से क्या मापा जाता है?



**बच्चों, जीके क्विज-165 का उत्तर 'बालभूमि' के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-164 का उत्तर :** 1. 29 अगस्त, 2.दिव्या देशमुख, 3.उपराष्ट्रपति, 4.नई दिल्ली, 5.राष्ट्रपति, 6.बृहस्पति, 7.चिल्का झील, 8.राजस्थान, 9.त्वचा (स्किन), 10.विवेक एक्सप्रेस

**जीके क्विज-164 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, संजना-रोहतक, आद्या-उमरिया, सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, उमेश-धमतरी, नैतिक-मानपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, कबीर-हिसार



कहानी
हरीश कुमार अमित

राखी का त्योहार आया तो अदिति ने अपने भाई क्षितिज को सरप्राइज देने की सोची। उधर क्षितिज ने भी अपनी बहन को सरप्राइज देने की सोच रखी थी। मजे की बात हुई कि अदिति-क्षितिज के मम्मी-पापा ने भी अपने बच्चों को ऐसा सरप्राइज दिया कि उनका राखी का त्योहार सबके लिए सरप्राइज भरा हो गया।

# सरप्राइज वाली राखी



रक्षाबंधन वाले दिन की सुबह अदिति अपने आप ही जाग गई थी, वरना स्कूल जाने वाले दिनों में तो हर रोज मम्मी को उसे जगाना पड़ता था। बिस्तर से उतरकर अदिति ने देखा कि उसका भैया क्षितिज, उससे पहले ही जाग चुका था। वह ब्रश कर रहा था। अदिति और क्षितिज जुड़वां भाई-बहन हैं। क्षितिज को देखते ही अदिति बोली, 'भैया, आज तो राखी वाला दिन आ गया है। अब तो अपना सरप्राइज बता दो।'

'अभी नहीं, बाद में बताऊंगा, और तुमने कब बताया अपना सरप्राइज?' क्षितिज अपनी आंखों की पुतलियां नचाते हुए बोला।

'मैं भी बाद में बताऊंगी।' अदिति यह कहकर हंस दी। 'ठीक है।' क्षितिज ने कहा और फिर नहाने चला गया। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अदिति और क्षितिज एक-दूसरे से कह रहे थे कि राखी वाले दिन एक सरप्राइज देंगे। थोड़ी देर बाद तैयार होकर अदिति, क्षितिज को राखी बांधने के लिए थाली सजाकर लाई। फिर कुर्सी पर बैठे क्षितिज के सामने डाइनिंग टेबल पर थाली रख दी। तभी मम्मी-पापा भी वहां आ गए।

अदिति जब क्षितिज को राखी बांधने लगी तो उसने बताया कि जो राखी वह बांधने जा रही है, वह उसने अपने हाथों से बनाई है। यह जानकर क्षितिज को आश्चर्य हुआ। वह बोला, 'अपने हाथों से...! अपने आप कैसे बना ली इतनी सुंदर राखी तुमने? यह तो बाजार में मिलने वाली राखी जैसी ही लग रही है।'

'इस राखी को मैंने बड़ी मेहनत से बनाया है। इसे बनाने के तरीके के बारे में टीचर जी से भी पूछा और मम्मी की मदद भी ली।' अदिति ने बताया।

अदिति ने राखी बांध दी तो क्षितिज ने पास ही रखी कपड़े से ढंकी किसी चीज पर से कपड़ा हटाया। एक रंग-बिरंगी गुल्लक अदिति की ओर बढ़ाते हुए वह बड़े स्नेह से बोला, 'यह मेरी तरफ से राखी का उपहार है।'

'अरे वाह, इतनी सुंदर गुल्लक!' गुल्लक को देखते ही अदिति बहुत खुश हो गई। 'इसे खुद बनाया है मैंने।' क्षितिज ने बताया। 'क्या, इसे खुद बनाया है तुमने, भैया?' अदिति ने अचरज से पूछा। 'हां, मैंने खुद बनाई है यह, राखी पर तुम्हें देने के लिए।' क्षितिज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया।

'लेकिन इसे तुमने बनाया कैसे?' अदिति ने सवाल किया। 'कार्ड बोर्ड, गोंद, सेलो टेप और रंगीन कागजों से बनाई है यह गुल्लक। इसे बनाने के लिए मैंने भी अपने स्कूल के टीचर जी की मदद ली और पापा से भी पूछा।' क्षितिज ने बताया। अदिति गुल्लक को हाथों में लेकर बोली, 'तुम्हारी बनाई गुल्लक मुझे बहुत पसंद आई।'

'तुमने भी तो बहुत सुंदर राखी बनाई है! कितनी प्यारी लग रही है! मैं इसे हमेशा संभालकर रखूंगा।' क्षितिज ने कलाई पर बंधी राखी पर बड़े प्यार से हाथ फेरते हुए कहा। अदिति बोली, 'भैया, तुम्हारी गुल्लक भी बहुत सुंदर बनी है। मैं भी इसे हमेशा संभालकर रखूंगी।'

तभी पापा क्षितिज से बोले, 'लेकिन राखी के त्योहार पर क्या तुम अपनी बहन को खाली गुल्लक ही दे रहे हो?'

'नहीं पापा, इसमें मैंने अपनी पॉकेट मनी से बचाकर रखे कुछ रुपए भी डाल दिए हैं।' क्षितिज बोला। 'कितने रुपए डाले हैं गुल्लक में?' मम्मी ने पूछा।

'मम्मी, यह भी सरप्राइज है।' क्षितिज ने हंसते हुए जवाब दिया।

'अच्छा तो तुम दोनों के सरप्राइज के बाद अब मेरी ओर से भी एक सरप्राइज है।' मम्मी ने मुस्कुराते हुए कहा तो सब उनकी ओर देखने लगे। 'आज मैंने तुम सबकी फेवरेट किशमिश वाली खीर बनाई है और साथ ही गरमा-गरम प्याज की कचौरियां भी।' मम्मी ने हंसते हुए बताया। 'वाह, मुंह में पानी भर आया है मम्मी!' क्षितिज खुशी से चहकते हुए बोला।

'आज तो बहुत मजा आएगा नाश्ते का।' खुशी से उछलते हुए अदिति भी बोली।

तभी पापा बोले, 'एक सरप्राइज मेरी तरफ से भी है..।' 'क्या सरप्राइज, पापा?' अदिति ने पूछा। क्षितिज भी उत्सुकता से पापा की तरफ देखने लगा। 'थोड़ी देर पहले तुम्हारी बुआ जी का फोन आया था। मुझे राखी बांधने के लिए उन्हें दिल्ली आना था, लेकिन आज सुबह उनके पैर में मोच आ गई है। इसलिए यहां आने का अपना प्रोग्राम उन्हें कैंसिल करना पड़ा है। अब हम सभी नाश्ता करके थोड़ी देर बाद आगरा चलेंगे, तुम्हारी बुआ जी के यहां जाने के लिए। कल इतवार की छुट्टी है। आज रात हम तुम्हारी बुआ जी के यहां रुक जाएंगे, कल वापस दिल्ली आने से पहले आगरा में ताजमहल, आगरा का किला, सिकंदरा वगैरह देख लेंगे।'

'अरे वाह पापा, तब तो खूब मजा आएगा!' क्षितिज ने कहा। 'यह तो दो दिन लंबी पिकनिक हो जाएगी।' अदिति भी खुशी से ताली बजाने लगी।

'इस बार की राखी बहुत मजेदार है।' क्षितिज बोला।

'सरप्राइज वाली राखी।' अदिति ने कहा तो बाकी सब हंसने लगे। *

कविता
डॉ. फहीम अहमद



## नेह बंधन

बहना करती है भाई का
प्यार भरा अभिनंदन।
रंग-बिरंगे लाई धागे,
बहना यही दुआएं मांगे,
भाई रहे सदा ही आगे।
नेह भरा बंधन है पावन,
प्यारा रक्षाबंधन।
सूरज जैसा दमके भाई,
चंदा जैसा चमके भाई,
नाम कमाए जग में भाई।
यश फैले जग में भाई का,
जैसे महके चंदन।
फूलों भरी सदा हो राहें।
भाई को सब लोग सराहें,
पाएं हर मंजिल जो चाहें।
फूलों सा जीवन हो उनका
है प्रभु से यह वंदन।
जगमग हो भाई का आंगन,
भरा रहे खुशियों से दामन,
बना रहे यह बंधन पावन।
रिश्तों में महसूस करें नित,
नेह भरा स्पंदन।।

## रंग भरो-181

**रंग भरो-181** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**प्रगति, बिलासपुर**



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आशना, जांजगीर



पूर्वी, बिलासपुर



आन्या, बिलासपुर



मानस, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सार्थक-रायपुर, वेदिका-बालोद, कनिका-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, प्रिया-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, राशि-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, डिंपल-करनाल, साकेत-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 182

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी अपने भाई राजू को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



**खबर संक्षेप**

### पौधारोपण करना बहुत जरूरीः एसडीएम

**कोसली ।** बव्वा गांव में ग्राम विकास समिति की ओर से वीरवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम विजय कुमार यादव ने गांव की श्मशान भूमि में बरगद, पीपल व नीम की त्रिवेणी लगाई। समिति के सदस्यों ने परिसर में सफाई अभियान चलाकर दो दर्जन छायादार पौधे लगाए गए।

### बावल ब्लॉक में मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

**बावल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बावल ब्लॉक में विश्व स्तनपान सप्ताह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विभाग की सुपरवाइजर स्नेहलता ने महिलाओं को स्तनपान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और बताया कि स्तनपान न केवल नवजात शिशु के लिए पोषण का पहला और सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोत है, बल्कि यह माताओं के लिए भी लाभकारी होता है। स्नेहलता ने कहा कि स्तनपान से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### सावन माह की विदाई का समय आने के साथ ही मानसून ने भी दम तोड़ा

# मौसम ने ली करवटः दो दिन से बिना बरसे लौट रहे बदरा, भारी गर्मी से लोग परेशान

अभी एक सप्ताह तक मौसम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं, आज से घने बादलों के बीच बूंदाबांदी की संभावनाएं बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। एक खेत में लहलहाती फसल। फोटो : हरिभूमि

सावन माह की विदाई का समय आने के साथ ही मानसून भी दम तोड़ने लगा है। दो दिन से हल्की बरसात का सिलसिला भी बंद हो गया है, जिससे भारी गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। हवा में नमी बरकरार रहने के कारण चिपचिपी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है। अगले एक सप्ताह तक मौसम में ज्यादा बदलाव आने की संभावना नहीं है।

■ अधिकतम तापमान 0 .5 डिग्री की वृद्धि के साथ 35 .5 डिग्री पर पहुंचा

वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने के बाद गर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 35.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा। हवा में नमी का स्तर 65 फीसदी तक रहा। हवाओं की गति 12 किमी प्रति घंटा रही। वातावरण में नमी ज्यादा होने के कारण धूप निकलते ही चिपचिपाहट भरी गर्मी लोगों को परेशान करना शुरू कर देती है। दोपहर तक उमस पसीने सूखने नहीं देती। कूलर की हवा सड़ी हुई गर्मी का अहसास कराने लगती है। अच्छी बरसात हुए बिना उमस और गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक सप्ताह तक आसमान में बादल तो छाएंगे, परंतु अच्छी बारिश की संभावना नहीं है। तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात या बूंदाबांदी जरूर हो सकती है। इस दौरान तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**फसलों की सिंचाई करने लगे किसान**

तीन दिन से बारिश नहीं होने व धूप निकलने के बाद बाजरे की फसल को सिंचाई की जरूरत महसूस होने लगी। खेतों में फव्वारा सिस्टम खूब चलने लगे हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ने लगी है। किसानों के लिए सुखद पहलू यह है कि धूप खिलने के बाद फसलों पर कीटों का आक्रमण होने से बच रहा है। लगातार बादल छाए रहने से कीटों के हमले की आशंका बन गई थी। दोनों फसलों का इस बार अच्छा उत्पादन होने की संभावना है।



रेवाड़ी। श्रमिकों के पहचान पत्र चैक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## रोहिंग्या व बंगलादेशियों की पहचान को सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस ने वीरवार को सभी थाना क्षेत्र में अलग-अलग टीम गठित करके अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बंगला देशी नागरिकों का पता लगाने के लिए विशेष सर्च अभियान चलाया। पुलिस द्वारा नरेंद्र ईंट भट्टा गांव बालियर खुर्द, अजीत भट्टा गांव गोकलगढ़, चमन भट्टा गांव बूढ़पुर, अजय भट्टा गांव बूढ़पुर, बीएस भट्टा गांव लूला अहीर, ब्रिक्स उद्योग भट्टा गांव झाड़ौदा, शिवा भट्टा गांव नेहरूगढ़ गामडी, फ्रेंड्स भट्टा गांव नाहड़, सूरजभान भट्टा गांव गुरावड़ा, जगबीर भट्टा गांव रतनथल व एमआरएफ भट्टा गांव गुरावड़ा सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ियों, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर सर्च अभियान चलाकर अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी, विदेशी नागरिक, रोहिंग्या व संदिग्ध लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र भी जांचे।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस द्वारा बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है और आगे भी इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मां का दूध शिशु के लिए बहुत आवश्यक

■ नाहड़ गांव के आंगनबाड़ी परिसर में स्तनपान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। महिलाओं को स्तनपान संबंधी जानकारी देते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से नाहड़ गांव के आंगनबाड़ी परिसर में स्तनपान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी राधा यादव ने आंगनबाड़ी वर्करों को स्तनपान के फायदों के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चा पैदा होते ही 6 माह तक मां का दूध पिलाना चाहिए व 6 माह बाद ऊपरी खुराक दलिया, खिचड़ी शुरू करना चाहिए। मां का दूध शिशु के लिए आवश्यक पोषक तत्वों और एंटीबाडीज का एक उत्कृष्ट स्त्रोत है। जो बच्चे को स्वस्थ रहने और बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। विभाग की सुपरवाइजर संतोष ने बताया कि मां का दूध शिशु के लिए संपूर्ण आहार है, जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व विटामिन और खनिज मौजूद होते हैं। यह शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और उसे बीमारियों से बचाता है। इस अवसर पर सुपरवाइजर उगशता, उपदेश, प्रियंका, राहुल, निशा यादव, मनोज, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम सुशीला, कमलेश व नाहड़ ब्लॉक की आंगनबाड़ी वर्कर उपस्थित थी।

## चोरी के मामले एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी ।** जाटूसाना थाना पुलिस ने खेत में बनी कोठड़ी का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव गाजी गोपालपुर निवासी बीर सिंह के रूप में हुई है। गांव गुड़यिानी निवासी रविन्द्र कुमार के खेत गांव गाजी गोपालपुर की सीम में लगते है। 3 अगस्त को गांव गाजी गोपालपुर निवासी बीर सिंह उसके खेत में बनी कोटडी का ताला तोड़कर एक गैस चूल्हा, 2 बैंड, 2 साबल लोहे, 2 पतीला सिल्वर व 10 नोजल गुटके चोरी करके ले गया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त बीर को गिरफ्तार किया है।

# फर्नीचर के गोदाम में लगी आग

■ लोगों की तत्परता से बड़ा नुकसान टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। आग लगने पर फर्नीचर बाहर निकालते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

गढ़ी बोलनी रोड पर वीरवार सुबह एक फर्नीचर के गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए गोदाम से अधिकांश सामान बाहर निकल दिया, जिससे बड़ी नुकसान होने से टल गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस आगजनी के कारणों की जांच कर रही है। अर्जुन नगर निवासी जयपाल ने गढ़ी बोलनी रोड पर फर्नीचर का गोदाम किया हुआ है। वीरवार सुबह गोदाम से अचानक धुआं उठने लगा। इसी दौरान आसपास के लोग वहां पहुंच गए।

सूचना मिलने के बाद फायर बिग्रेड व मॉडल टाउन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गए। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक लोगों ने गोदाम से काफी बाहर निकाल दिया था। इसके बावजूद कुछ बिजली के आइटम आग की भेंट चढ़ गए। दुकानदार के अनुसार आग लगने का कारण बिजली की तारों में शॉट सर्किट है।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती टीम। फोटो : हरिभूमि

## पढ़ाई व खेलों से अपने परिवार का नाम रोशन करेंः रामपाल

**रेवाड़ी ।** जिले को नशामुक्त बनाने की मुहिम के तहत जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। वीरवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में टीम ने गांव जलियावास, जलालपुर व रुध में डोर टू डोर सम्पर्क करके ग्रामीणों के साथ बैठक की और गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास भी नशे संबंधी सूचना है या कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। उन्होंने गांव के नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहकर पढ़ाई और खेलों में अपने परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें।

# मछली पालन से आमदनी बढ़ाएं किसान, पालकों की समस्याओं का समाधान जल्दः एसडीएम

■ रैंचिंग कार्यक्रम के तहत मसानी बैराज में छोड़े गए मछली बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। रैंचिंग कार्यक्रम के तहत मसानी बैराज में मछली बीज छोड़ते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला मत्स्य विभाग की ओर से वीरवार को मसानी बैराज में मछलियों के संरक्षण के लिए मत्स्य पुनर्वास एवं संरक्षण यानि रैंचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया और बैराज में मछली बीज छोड़े गए। इस मौके पर एसडीएम सुरेश कुमार भी मौजूद थे। एसडीएम ने ग्रामीणों व मत्स्य पालकों की समस्याओं को सुना और उनके जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

एसडीएम ने कहा कि मछली पालन आमदनी का महत्वपूर्ण साधन है। इसके साथ-साथ यह जलाशयों के सदुपयोग का अच्छा माध्यम है। सरकार की सोच है कि मत्स्य पालन के साथ-साथ मछली संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए, जिसके लिए सरकार की ओर से रैंचिंग कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके माध्यम से मछली संसाधनों का उचित प्रबंधन के साथ-साथ मछलियों की संख्या बढ़ाना और किसान की आजीविका को सुरक्षित रखना है। रैंचिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मछलियों को प्राकृत जल स्त्रोत जैसे नदियों या तालाबों में छोड़ा जाता है, ताकि उनकी आबादी को बढ़ाया जा सकें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मछली प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना है। मछली पालन कम लागत में ज्यादा मुनाफे का साधन है। एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना प्रमुख है।

योजना के तहत अनुदान भी दिया जा रहा है ताकि मत्स्य पालकों की आमदनी को बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने मत्स्य पालकों और आमजन से इस मुहिम में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। जिला मत्स्य अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि किसान मत्स्य पालन करके अपनी आय को बढ़ा सकते है। मत्स्य पालन से सम्बंधित जानकारी के लिए जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में गुरुवार को नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

## शिविर में रखी अवैध कब्जे व जैतपुर शेखपुर में गोवंश की समस्या

**रेवाड़ी ।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समय पर निदान हो और कोई भी मामला लंबित न रहे। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। डीसी ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में आई करनावास गांव में रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश दिए।

जैतपुर शेखपुर गांव में आवारा पशुओं की शिकायत पर डीडीपीओ को पशुओं को गोशाला में भेजने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा समाधान शिविर में जल आपूर्ति, पहचान पत्र में नाम दर्ज, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, नगर परिषद से संबंधित और राजस्व मामलों से जुड़ी समस्याएं रखी गई, जिस पर डीसी ने अधिकारियों को तत्काल निदान करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर नियमित रूप से जारी रहेंगें ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सकें। इस अवसर पर सीटीएम जितेन्द्र कुमार, डीएसपी पवन कुमार व डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### गांव नटेड़ा में परिवार पहचान पत्र संबंधी समाधान शिविर आयोजित

# माइक्रो मैनेजमेंट के माध्यम से बारीकी से काम कर रही हरियाणा सरकार

*भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। शिविर में अपनी पीपीपी संबंधी समस्याओं का समाधान कराते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को गांव नटेड़ा में परिवार पहचान पत्र संबंधी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पीपीपी के राज्य कोआर्डिनेटर डा. सतीश खोला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शिविर में ग्रामीणों के पारिवारिक पहचान पत्र संबंधी समस्याओं को मौके पर हल किया गया। शिविर के दौरान पीपीपी अपडेट, नाम शुद्धि, योजना पंजीकरण, तथा पात्रता से संबंधित कई समस्याओं का समाधान किया गया। डा.सतीश खोला ने कहा कि फैमिली आईडी के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही 519 योजनाएं अब सीधे पात्र परिवारों से जुड़ चुकी हैं। हरियाणा की नायब सैनी सरकार माइक्रो मैनेजमेंट के माध्यम से बारीकी से काम कर रही है। प्रत्येक बूथ स्तर पर निगरानी की जा रही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी के जरिये सरकार हर परिवार की सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या स्थिति को बेहतर तरीके से समझ पा रही है, जिससे योजनाएं बेहतर ढंग से लक्षित हो रही हैं। वीरकुमार यादव ने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसान के हित में काम कर रही है। इस तरह के समाधान शिविरों से लोगों की जमीनी समस्याएं खत्म हो रही हैं और उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन दुष्यंत यादव, जिला पार्षद जीवन हितैषी, एडवोकेट रमेश शर्मा, सरपंच मनोज कुमार, ब्लॉक समिति सदस्य लुकश यादव, एडवोकेट गुरदयाल सिंह, सुरेंद्र सरपंच, प्रमोद शास्त्री व कोसली के सरपंच रामकिशन मौजूद थे।

# आयुष्मान कार्ड कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल



रेवाड़ी। बुजुर्ग को आयुष्मान कार्ड वितरित करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

गांव राधा की ढाणी में वीरवार को स्व. राव रघुनाथ सिंह की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके पुत्र सरपंच संजय यादव की अगुवाई में निःशुल्क नेत्र जांच तथा 70 से अधिक आयु वाले वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया। कैंप का शुभारंभ बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने किया व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पार्षद आजाद सिंह नांधा, जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टींट व पंडित नटवरलाल पुजारी मौजूद थे। कैंप में लाभार्थियों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए। निजी अस्पताल से डा. बिरेंद्र यादव की टीम ने 200 लोगों की आंखों की जांच की व 46 लोगों को आंखों के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले ऐसे शिविर से आम आदमी को बहुत फायदा होता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना में 70 साल से अधिक आयु वाले वृद्धजनों को पांच लाख रुपये तक का हर साल मुफ्त इलाज उपलब्ध है। सरपंच संजय यादव ने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

**सूचना**

मैं, नीलम शर्मा पत्नी स्व. श्री विजय कुमार शर्मा निवासी गली नं. 3, शिव कॉलोनी, रेवाड़ी, तहसील व जिला रेवाड़ी, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र गगन शर्मा व उसकी पत्नी कोमल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### आरओबी निर्माण के कारण चालू रहेगी जम्मूतवी अजमेर रेलसेवा

रेवाड़ी। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर दिल्ली-अंबाला रेलखंड के पानीपत- कोहन्ड स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या-61 पर चारलेन के आरओबी निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। गाड़ी संख्या 12414 जम्मूतवी-अजमेर रेलसेवा 15 अगस्त, 14 सितंबर, 17 सितंबर व 18 सितंबर को जम्मूतवी से प्रस्थान करके जम्मूतवी मंडल पर 30 मिनट तथा फिरोजपुर मंडल पर 30 मिनट रेगूलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 12414 जम्मूतवी-अजमेर रेलसेवा 23 गस्त व 24 अगस्त जम्मूतवी से प्रस्थान करके जम्मूतवी मंडल पर 30 मिनट, फिरोजपुर मंडल पर 30 मिनट तथा अंबाला मंडल पर 30 मिनट रेगुलेट रहेगी।

### पत्रकारिता एवं डिफेंस स्टडीज में प्रवेश के लिए 16 तक आवेदन

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में शुरू किए गए नए कोर्स पत्रकारिता एवं जनसंचार तथा डिफेंस स्टडीज में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यह दोनों नए कोर्स 4 वर्षीय अवधि के होंगे, जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित किए जाएंगे। इनमें कुल सीटों की संख्या 30 रखी गई है,जबकि वार्षिक शुल्क 20000 रुपये है।

### जिले में विद्यार्थियों की ओर से निकाली जा रही रैली व साइकिल तिरंगा यात्रा

# युवाओं व बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत कर रहा हर घर तिरंगा अभियान

- जिसमें शहर से लेकर गांव तक की भागीदारी सुनिश्चित हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे हर घर तिरंगा अभियान को जिले में पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजन में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और तिरंगे के प्रति सम्मान को बनाना है। प्रशासन की ओर से जिले में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर से लेकर गांव तक की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। अभियान के तहत राजकीय विद्यालयों में तिरंगे की वाल पेंटिंग, प्रभात फेरी, रंगोली, राखी व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता जैसे आयोजन हो रहे हैं। तिरंगा रैली के माध्यम से बच्चों और युवाओं में देश के प्रति भागीदार बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि अभियान के पहले चरण के तहत 8 अगस्त तक स्कूल की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों आदि में प्रदर्शनियों का आयोजन करने के साथ-साथ हर घर तिरंगा यात्राएं निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तह स्कूल, कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

रक्षा बंधन के पावन पर्व में भी हर घर तिरंगा राखी बनाने की कार्यशाला के आयोजन के साथ ही सैनिकों और पुलिसकर्मियों को आभार पत्र लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियां भेजी जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि जिले के शैक्षणिक संस्थानों में हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निजी व सरकारी विद्यालयों में प्रथम चरण के शेड्यूल अनुरूप जन जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है। स्कूलों में बच्चों को हर घर तिरंगा अभियान बारे प्रेरित किया जा रहा है। वीरवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा रैली निकाली गई, रैली में विद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगे लेकर देश प्रेम के नारों के साथ रैली निकाली। डिजिटल बोर्ड व प्रार्थना सभा में तिरंगे से संबंधित जानकारी दी गई और तिरंगे का इतिहास बताया गया।



रेवाड़ी। तिरंगा रैली निकालते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


### 15 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

डीसी ने बताया कि दूसरे चरण में 9 से 12 अगस्त के बीच भी जागरूकता आयोजन होंगे। इस दौरान तिरंगा महोत्सव के रूप में एक बड़ा आयोजन भी किया जाएगा। तिरंगा प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। गृह विभाग, पुलिसकर्मियों, अर्धसैनिक बलों, एनसीसी, एनएसएस, सिविल डिफेंस, होमगार्ड एवं खेल विभाग के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली व तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों, पीडीएस दुकानों, खादी भंडार और स्थानीय बाजार के वस्त्रालयों के माध्यम से तिरंगे की बिक्री और वितरण किया जाएगा। अभियान के तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त के बीच सभी सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों व सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट हरघरतिरंगा.कॉम पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।





रेवाड़ी। तिरंगा रैली निकालते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल के विद्यार्थी तथा तिरंगा साइकिल यात्रा निकालते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। प्रिया कौशिक विवि के शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## प्रिया का साइंस एंड टेक्नालॉजी इंटर्नशिप प्रोग्राम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की एमएससी भौतिकी विभाग द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया कौशिक ने राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि हासिल कर विश्वविद्यालय सहित पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। प्रिया का चयन भारत सरकार के प्रतिष्ठित साइंस एंड टेक्नालॉजी इंटर्नशिप प्रोग्राम ऑफ आईजीसीएआर में हुआ था। ग्रीष्मकालीन अनुसंधान कार्यक्रम के लिए देशभर से लगभग 700 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से केवल 35 भौतिकी के छात्रों का चयन किया गया। हरियाणा राज्य से अकेली सफल प्रतिभागी प्रिया कौशिक रहीं, जो विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव की बात है। प्रशिक्षण तमिलनाडु स्थित इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र कल्पक्कम में आयोजित किया गया। आईजीसीएआर देश के प्रमुख वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों में गिना जाता है। प्रिया ने प्रशिक्षण के दौरान थर्मोग्राफी तकनीकों की सहायता से धातुओं की तापीय विसरणता का अध्ययन विषय पर सफलतापूर्वक परियोजना कार्य किया। उनके इस कार्य को संस्थान के वैज्ञानिकों ने सराहा। भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डा. सुनील कुमार व विभाग के शिक्षकों ने प्रिया को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रिया की निष्ठा, परिश्रम और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रमाण है, जो आने वाले समय में अनेक विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### कोसली में रेलवे ट्रैक के पास मिला बुजुर्ग का शव

कोसली। गांव नठेड़ा में रिश्तेदारी में आए हुए एक बुजुर्ग का शव वीरवार को कोसली स्टेशन के फ्लाईओवर के समीप रेलवे लाइन के पास मिला। राहगीरों ने शव को देखकर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। सूचना पर चरखी दादरी राजकीय रेलवे पुलिस चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार मौके पर पहुंचे। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान राजस्थान के झुंझुनू जिला निवासी 67 वर्षीय महेंद्र सिंह के रूप में हुई।

# महिलाओं को महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक



रेवाड़ी। महिलाओं को जानकारी देते हुए सुपरवाइजर। फोटो : हरिभूमि

- सुपरवाइजर ने महिलाओं को स्तनपान के लाभ बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांव भाड़ावास में विश्व स्तनपान सप्ताह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग की सुपरवाइजर योगेश कुमारी ने महिलाओं को तीनों योजनाओं से जुड़ी जानकारी देकर उनके अधिकारों और लाभों के प्रति जागरूक किया।

सुपरवाइजर ने महिलाओं को स्तनपान के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि नवजात शिशु के लिए मां का दूध अमृत के समान है, जो न केवल शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, बल्कि मां के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज का आधार हैं और उनके शिक्षा व संरक्षण के लिए यह योजना विशेष रूप से बनाई गई है। हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह लैंगिक भेदभाव को मिटाकर बेटियों को समान अवसर प्रदान करें।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली बार गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार लाना तथा मातृ मृत्यु दर को कम करना है।

कार्यक्रम में एएनएम मंजू, आंगनबाड़ी वर्कर राजेश, सरस्वती, संतोष, राजेश कुमारी, सुशीला देवी और नीरू सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

# संस्कृत अध्यापक से साइबर ठगी करने वाला एक और काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गांव जाहिदपुर निवासी संस्कृत अध्यापक को डिजिटल अरेस्ट कर 4 लाख 18 हजार 999 रुपये ठगने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला सीकर के गांव भावसिंह की ढाणी खादरा निवासी दीपक के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। गांव जाहिदपुर निवासी सुधीर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 7 जनवरी को उसके मोबाइल पर किसी मोहित हांडा नाम के एक व्यक्ति का फोन आया और उसने बताया कि किसी कृष्ण गुप्ता नाम के व्यक्ति ने मुंबई में उसकी आईडी पर उनके नाम से बैंक खाता खोल कर मनी लांड्रिंग की है और करीब 68 लाख 50 हजार रुपए जमा कराए हैं। वह अभी सीबीआई की गिरफ्त में है। आरोपी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने उसे भी डिजिटल अरेस्ट किया है। आरोपी ने उसे व्हाट्सएप पर डिजिटल अरेस्ट का ऑर्डर भी भेजा। इसके बाद आरोपी ने उसे एक यूपीआई आईडी भी भेजी और 16 हजार रुपए जमा करने के लिए कहा। डर के कारण उसने पैसे जमा करा दिए। आरोपी ने डरा धमका कर उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए 4 लाख 18 हजार 999 रुपए जमा करा लिए। इसके बाद उसके एक साथी के घर आने के बाद, उसे हकीकत का पता चला।



रेवाड़ी। साइबर ठगी का आरोपी दीपक।

पुलिस ने मामले में संलिप्त 6 आरोपी राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव ढाणी नवोडी (हरिपुरा) निवासी आशीष मिठारवाल, जिला जोधपुर की शक्ति कॉलोनी निवासी सौरव पंवार, जिला जोधपुर के गांव कापेडा निवासी बुधराज उर्फ बुधाराम, यूपी के जिला अमरोहा के गांव कैसला निवासी बब्बू अली, जिला मुरादाबाद के नयागांव अंबेडकर नगर निवासी शीलचंद्र व मोहम्मद शकूर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी राजस्थान के जिला सीकर के गांव भावसिंह की ढाणी खादरा निवासी दीपक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### अंडर-14 गर्ल्स टीम ने बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

# विद्यार्थियों ने ब्लॉक लेवल टूर्नामेंट में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिल्ली रोड स्थित डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक लेवल टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल की अंडर-14 गर्ल्स टीम ने बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। अंडर-14 क्रिकेट में हेमांक व यशस्वी सुल्तानिया का चयन भी किया गया। अंडर-11 रस्साकस्सी में स्कूल के लड़कों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा एथलेटिक्स में 400 मीटर की दौड़ में विंजीते और 100 मीटर की दौड़ में मोक्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रधानाचार्या पिंकी तंवर ने विजेता छात्र व छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में भी उत्तम प्रदर्शन करते रहने की प्रेरणा दी।



रेवाड़ी। विजेता टीम प्रधानाचार्या के साथ। फोटो : हरिभूमि




रेवाड़ी। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## आरएमआर स्कूल में सामान्य ज्ञान व विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

कोसली। नाहड़ गांव के आरएमआर स्कूल में वीरवार को सामान्य ज्ञान व विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनिकेत, विनय, किरण व इशिका की टीम ने प्रथम, निकिता, पलक, नैंसी व सरिता की टीम ने द्वितीय तथा चेतैन्य, कार्तिक, सीमा व परी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर स्कूल संचालक राजकुमार कोसलिया, विनोद कौशिक,अनुराग, रीना, अजीत, योगेश, भूपेंद्र, शिवकांत, देवेंद्र, कविता, लता, निशा, हिमांशु, दीपक, राधा, अनिता, मीना, दीपिका, रंजू, नेहा, आरती, रवीना, गोपाल, संतोष, मुनेश, दयाकिशन, हरिहर व बिट्टू उपस्थित रहे।


हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260


### केंद्रीय विद्यालय भाकली में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

कोसली। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भाकली में वीरवार को विद्यालय की विद्यार्थी परिषद के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय के विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व एवं अनुशासन जैसे गुणों के विकास के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्याध्यापक उपस्थित थे। समारोह में छात्र ललित को हैड ब्वॉय और चंचल को हैड गर्ल नियुक्त किया गया तथा सभी सदनों के छात्र अध्यक्षों को उनके पद की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह एवं गंभीरता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि एक अच्छा नेता वह होता है, जो दूसरों को साथ लेकर चले। यह परिषद न केवल विद्यालय के अनुशासन को बनाए रखने में सहयोग करेगी, बल्कि विद्यार्थियों की आवाज को भी मंच प्रदान करेगी। मुख्याध्यापक ने भी परिषद के सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

**अभियान** गांव में नीम, आंवला और अर्जुन जैसे औषधीय पौधों के साथ आम, फलदार पौधे लगाए गए

# मीरपुर में चला ग्रीन व हेल्दी गांव अभियान, औषधीय और फलदार पौधों के साथ जैविक सब्जियां की रोपित

- ग्रामीणों को पौधों की देखभाल संबंधी जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

ग्रीन व हेल्दी गांव मिशन के अंतर्गत मीरपुर गांव में स्वामी विवेकानन्द प्रकृति संरक्षण मंच की ओर से पौधरोपण और जैविक खेती अभियान की शुरूआत की गई। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत गांव में नीम, आंवला और अर्जुन जैसे औषधीय पौधों के साथ आम, लेश्वा और जामुन जैसे फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही, जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लौकी और तुरई जैसी सब्जियों का भी व्यापक रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ थे। उन्होंने कहा कि आज के दिन पौधा रोपण बहुत ही पुण्य का कार्य है। देश और समाज में एक जागरूक नागरिक के नाते हम क्या-क्या कर सकते हैं, ऐसा हमें सोचना चाहिए।

उन्होंने ग्रामीणों को पौधों की देखभाल संबंधी जानकारी दी और सभी से आग्रह किया कि वे इन पौधों की जिम्मेदारी व्यक्तिगत रूप से लें ताकि वे बड़े होकर पर्यावरण का संरक्षण कर सकें। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने कर्तव्यों को ठीक से निभाएं तो भारत फिर से विश्व गुरु होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से किसानों को जैविक खाद, बीज और तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वामी विवेकानन्द प्रकृति संरक्षण मंच के संरक्षक इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने बताया कि यह अभियान न केवल पर्यावरण को समृद्ध करेगा, बल्कि गांव के लोगों को रसायन मुक्त, पोषक आहार भी उपलब्ध कराएगा। मुहिम में बच्चों, किसानों और स्वयंसेवकों ने भाग लेकर इस मिशाल कायम की। मीरपुर सरपंच संजू बाला ने पौधारोपण कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि यह मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। हमारा गांव हरित और स्वच्छ हो, यही हमारा संकल्प है। यह अभियान आगामी मास तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत हजारों पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर डा. सुमन, डा. रमेश, मनमोहन, परवीन कुमार, अनिल कुमार, रविंदर कुमार, हेमंत कुमार, डा. अजय, महेन्द्र सिंह, बनवारी लाल, रामेश्वर, लाल सिंह, ओम प्रकाश, मिंटू, सत्यनारायण, डा. अविनाश व डा. बीरेंद्र सहित अनेक लोग उपस्थित थे।





रेवाड़ी। गांव मीरपुर में पौधारोपण करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि